तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

4 शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल दिखावे तक सीमित ट्रैफिक सिग्नल





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### जिले में 1216.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 सितम्बर तक 1216.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1405.4 मिली मीटर, पुसौर में 1275, खरसिया में 1112.4, घरघोड़ा में 1216.1, तमनार में 967.3, लैलूंगा में 1058.5, मुकडेगा में 1442.1, धरमजयगढ़ में 985.2, छाल में 1131.9 एवं कापू में 1570.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### टीआरएन की राखड़ ढुलाई जीपीएस वाहनों से

**रायगढ़।** टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने जामपाली क्षेत्र में राखड़ परिवहन से जुड़ी खबरों को लेकर स्पष्ट किया है कि कंपनी से उत्सर्जित राखड़ का अवैध परिवहन नहीं हो रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वाहन क्रमांक सीजी 13 1. 1040 कंपनी से संबद्ध नहीं है और न ही टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त वाहन का उपयोग राखड़ परिवहन के लिए किया गया है। कंपनी ने बताया कि टीआरएन प्राइवेट लिमिटेड से निकलने वाली राखड़ का परिवहन केवल जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से किया जाता है, जिसकी पूरी जानकारी सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही कंपनी का परिवहन मार्ग जामपाली खदान से काफी दूरी पर स्थित है।

### 10 साल बाद भी अधर में अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना

**सुंदरगढ़।** 4 हजार मेगावॉट क्षमता वाली अल्ट्रा मेगा ताप विद्युत परियोजना के नाम पर सुंदरगढ़ ब्लॉक के 6 गाँवों की 3245 एकड़ जमीन अधिग्रहित किए हुए पूरे 10 वर्ष बीत गए, लेकिन अब तक परियोजना का कार्य शुरू नहीं हो सका। मुआवजा पाने के बावजूद इदको के नाम की गई जमीन पर न तो फैक्ट्री बनी और न ही पुनर्वास का वादा पूरा हुआ। कोपसिंहा, लंका हुड़ा, रूपिडीही, किरेई, कंदाबाहाल और भेड़ाबाहाल के 2218 परिवार नौकरी और सुविधाओं की आस में वर्षों इंतजार करते रहे। परंतु पर्यावरणीय मानकों और स्थानीय विरोध के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। प्रभावित लोग अब सुप्रीम कोर्ट में जमीन वापसी की मांग कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसारए 275 मीटर ऊँची चिमनी बनने से 5.5 किलोमीटर क्षेत्र आबादी मुक्त होना चाहिएए जबकि उसी दायरे में लगभग 2 लाख लोग रहते हैं। साथ हीए पास में ही एनटीपीसी का सुपर थर्मल पावर प्लांट मौजूद है। लगातार विवादों के चलते इस परियोजना का भविष्य पूरी तरह अनिश्चित हो गया है।

### महुआ शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा लगातार दो दिनों में दो अलग.अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 32.6 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांटाहरदी निवासी श्याम बाई सिदार, उम्र 48 वर्ष, पति स्व.राधेश्याम सिदार के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

## हर भवन पर 29.50 लाख रुपए का खर्च, मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

# 15 गांवों में 4 करोड़ से बन रहे महतारी सदन महिलाओं के हुनर को मिलेगा अब ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले की महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार ने एक बड़ी पहल की है। रायगढ़ जिले में कुल 15 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से 3 भवन पूरी तरह तैयार हो चुके हैं, जबकि शेष 12 भवनों पर तेजी से काम जारी है।

कुल 4 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बन रहे इन महतारी सदनों पर प्रति भवन लगभग 29 लाख 50 हजार रुपये का खर्च आ रहा है। प्रत्येक भवन को करीब 2500 वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया जा रहा है। इन भवनों में बैठक हॉल, प्रशिक्षण कक्ष, पेयजल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगामी दिनों में रायगढ़ जिले में तैयार हो चुके महतारी सदनों का एक साथ लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में महिलाएँ शामिल होंगी।

**महतारी सदन की विशेषताएं**

- कुल क्षेत्रफल लगभग 2500 वर्गफुट।
- कमरा, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम की सुविधा।
- सामुदायिक शौचालय और ट्यूबवेल की व्यवस्था।
- वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम।
- सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल।

**ऐसे मिली स्वीकृति**

महतारी सदन के लिए रायगढ़ जिले में दो चरण में स्वीकृति मिली। प्रथम चरण में 8 सदन स्वीकृत हुए। जबकि द्वितीय चरण में 7 भवनों की स्वीकृति मिली। इस तरह कुल 15 भवन स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 3 पूर्ण हो चुके हैं। 10 प्रगतिरत हैंए जबकि 2 का काम अभी शुरू नहीं हो पाया है।

जिले में महतारी सदन का काम तेजी से चल रहा है। वर्तमान में 3 भवनों का काम पूर्ण हो चुका है। जबकि 10 भवन प्रगतिरत हैं। 2 का काम भी बहुत जल्द शुरू होगा। सभी भवनों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

**जितेंद्र यादव**
सीईओ, जिला पंचायत

### क्या है महतारी सदन का उद्देश्य

इन भवनों का निर्माण केवल ईंट.पत्थरों का ढांचा खड़ा करना नहीं है। बल्कि यह महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का ठोस मंच है। यहां महिलाएं न सिर्फ सिलाईए कढ़ाई और हस्तकला जैसी गतिविधियों से जुड़ेंगी, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, जागरूकता और सामुदायिक कार्यक्रमों का भी अवसर मिलेगा। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह महतारी सदन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए नई पहचान और आत्मविश्वास का प्रतीक साबित होंगे।

### कहां कहां बन रहा भवन

महतारी सदन का काम करीब 6 महीने पहले शुरू हुआ है। रायगढ़ जिले में 15 जगह पर यह भवन बन रहा है। जिसमें गढ़उमरिया, छिछोर उमरिया, लोईग, छर्राटांगर, भुइया पानी, धौराभांटा, बड़े हरदी, बनोरा, कोड़ातराई, बर्रा, लक्ष्मीपुर, गोपालपुर, तूरेकेला आदि गांव शामिल है।

# बोइरदादार में नाली का कचरा महीनों से जाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोइरदादार क्षेत्र में महीनों पहले नालियों की सफाई की गई थी, लेकिन उससे निकला कचरा आज तक सड़क किनारे पड़ा हुआ है। यह न केवल आसपास के माहौल को दूषित कर रहा है, बल्कि सब्जी ठेलों और नॉनवेज दुकानों के बीच संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई महीनों पहले सफाई के दौरान नालियों से जमी गाद और कचरा निकाला गया था, लेकिन सफाई कर्मियों ने उसे सड़क किनारे से हटाने की जहमत नहीं उठाई। परिणामस्वरूप सड़क किनारे सड़ा-गला कचरा जमा हुआ पड़ा है। बारिश के दिनों में यह गंदगी बदबू फैलाती है और मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ा देती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इसी सड़क किनारे रोजाना सब्जियों के ठेले और नॉनवेज की दुकानें लगती हैं। गंदगी के कारण यहां बिकने वाले खाद्य पदार्थों में आसानी से कीटाणु फैल सकते हैं।

### सब्जी विक्रेता और दुकानदार परेशान

स्थानीय सब्जी विक्रेता इतवार यादव ने बताया कि मैं रोज यहां सब्जी बेचने आता हूं। ग्राहक भी कई बार शिकायत करते हैं कि गंदगी के पास सब्जी खरीदना ठीक नहीं है। सफाई कर्मचारियों से कई बार कहा, लेकिन वे सिर्फ कहते हैं कि काम हो जाएगा और चले जाते हैं। महीनों बीत गए, कचरा जस का तस पड़ा है। अन्य दुकानदारी करने वालों का कहना है कि इस गंदगी से उनके व्यापार पर भी असर पड़ा है। ग्राहक यहां आने में हिचकिचाने लगे हैं।



# जर्जर स्कूल भवन बना बच्चों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धर्मजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पोडीछाल के भुंडीबहरी गांव में स्थित प्राथमिक शाला का भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। छत और दीवारों में दरारें इतनी गंभीर स्थिति में हैं कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात के दिनों में स्कूल की छत से पानी टपकता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अभिभावकों ने बताया कि उन्हें हर दिन अपने बच्चों को इस डर के साथ स्कूल भेजना पड़ता है कि कहीं छत गिर न जाए। इससे बच्चों की सुरक्षा गंभीर खतरे में है। भुंडीबहरी के कुछ ग्रामीणों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिला कलेक्टर रायगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जल्द से जल्द नए प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा, मौजूदा जर्जर भवन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरा न रहे। स्कूल भवन की जर्जर स्थिति का सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है।

# इच्छा मृत्यु की मांग पर शुरू हुआ हस्ताक्षर अभियान






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन एच एम) के कर्मचारियों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। रायगढ़ जिले में सोमवार को हड़ताल के 29वें दिन कर्मचारियों ने सरकार की बेरुखी और सिस्टम की उपेक्षा के खिलाफ अनोखा कदम उठाया। जिले के 500 से अधिक कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इच्छा मृत्यु की अनुमति के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया और राज्यपाल को पत्र भेजने का ऐलान किया। कर्मचारियों का कहना है कि यह कदम केवल रायगढ़ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी 33 जिलों में इसी तरह का अभियान चलाया जाएगा। आंदोलन अब सिर्फ रोजगार का सवाल नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की लड़ाई बन चुका है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 20 वर्षों तक स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के बावजूद उनकी स्थायीकरण और अन्य मांगों पर सरकार ने कोई गंभीर पहल नहीं की। कोरोना महामारी के दौरान इन्हीं कर्मचारियों ने गांव-गांव जाकर जान की बाजी लगाकर सेवाएं दीं, लेकिन अब जब वे अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं, तो बेरोजगारी और अपमान का सामना करना पड़ रहा है।संघ के नेताओं का कहना है कि हमने दो दशक तक जनता की सेवा की। अब जब हमारी बारी आई, तो सरकार हमें नज़रअंदाज़ कर रही है। अगर हमारे काम की कद्र नहीं है, तो हमें जीने का हक भी नहीं चाहिए। बेहतर होगा कि हमें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए।

**खास बात**

- रायगढ़ में एनएचएम कर्मचारियों का अनोखा विरोध

### हस्ताक्षर अभियान से सिस्टम को दिखा रहे आईना

रायगढ़ में शुरू हुआ यह हस्ताक्षर अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि सिस्टम की नाकामी का सीधा जवाब माना जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यह पत्र दरअसल सरकार तक एक चेतावनी और चीख है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने 24 घंटे के भीतर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो राज्य के सभी जिलों में इच्छा मृत्यु रैली निकाली जाएगी। इस रैली में हजारों कर्मचारी भाग लेंगे और आंदोलन राजधानी तक गूंजेगा।

### प्रशासनिक हलकों में हलचल

इधर प्रशासनिक हलकों में इस नए कदम को लेकर हलचल तेज हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि अब तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# गर्लफ्रेंड से मिलने गया युवक, फंदे पर झूलती मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम रैरुमा खुर्द निवासी मायकल मिंज की मौत को पुलिस ने आत्महत्या बताया है। लेकिन परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि किसी गहरी साजिश का नतीजा हो सकता है। इसी संबंध में मृतक के परिवार ने पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। 1 सितंबर 2025 को मायकल मिंज ने अपनी प्रेमिका स्नेहा करकेटा से बातचीत के बाद घर से निकला, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान रात करीब 3 बजे गांव की एक महिला ने उसे जंगल में रस्सी से झूलता हुआ पाया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मायकल के भाई और अन्य परिजनों का आरोप है कि मृतक पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रहा था। उनका कहना है कि मायकल आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठाता। परिजन मानते हैं कि इस घटना को आत्महत्या बताकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठे सवाल

परिजनों ने आवेदन में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खामियों का हवाला दिया। उनका कहना है कि मायकल के शरीर, खासकर प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान पाए गए हैं। यह तथ्य आत्महत्या की थ्योरी पर सवाल उठाता है और हत्या की संभावना को और मजबूत करता है। परिजन पूछते हैं कि यदि आत्महत्या हुई होती तो ऐसे निशान शरीर पर क्यों पाए जाएं। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। घटनास्थल की बारीकी से जांच करने के बजाय पुलिस ने जल्दबाजी में इसे आत्महत्या मानकर केस को खत्म करने की कोशिश की।

### दोबारा पोस्टमार्टम की मांग

परिजन मांग कर रहे हैं कि तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम गठित करके दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाए। उनका कहना है कि तभी मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों का चेतावनी है कि यदि सही जांच नहीं हुई तो दोषी बच जाएंगे और न्याय नहीं मिलेगा। रैरुमा खुर्द और आसपास के गांवों के लोग इस घटना को लेकर नाराज हैं।

# गरीब परिवारों को अब तक नहीं मिला राशन कार्ड

**रायगढ़।** ग्राम सराईपाली वार्ड क्रमांक 43 किरोड़ीमल नगर के कई गरीब परिवार आज भी शासन की योजनाओं से वंचित हैं। गरीबों को राहत और खाद्य सुरक्षा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएँ चलाई हैं, लेकिन हकीकत यह है कि यहाँ के परिवारों को अब तक राशन कार्ड तक नहीं मिल पाया है। इससे यह लोग न तो सस्ते दर पर खाद्यान्न प्राप्त कर पा रहे हैं और न ही सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं। वार्ड के दर्जनों गरीब परिवारों ने कलेक्टर रायगढ़ को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में साफ तौर पर कहा गया है कि वे लोग लंबे समय से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कई बार संबंधित विभाग से गुहार लगाने के बाद भी आज तक उनका राशन कार्ड नहीं बनाया गया। आवेदन में कहा गया है कि हम लोग गरीब हैं, रोजमर्रा की जिंदगी बड़ी मुश्किल से चलती है। महंगाई के दौर में राशन कार्ड का ना होना हमारे लिए और भी परेशानी खड़ी कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। रोज़गार के पर्याप्त साधन नहीं हैं, ऐसे में अगर राशन कार्ड से सस्ता अनाज मिल जाए तो परिवार की बड़ी समस्या हल हो सकती है।

## नगर निगम ऑडिटोरियम में चल रही थी छात्रों की फ्रेशर पार्टी

# ऑडिटोरियम में अचानक रोकी गई फ्रेशर पार्टी, विवाद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम ऑडिटोरियम में सोमवार को हंगामे की स्थिति बन गई, जब डिग्री कॉलेज के छात्रों की फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम को अचानक रोक दिया गया। पुलिस की मौजूदगी में छात्रों को ऑडिटोरियम के अंदर जाने से रोक दिया गया, जबकि कार्यक्रम की पूरी तैयारी पहले से कर ली गई थी।

जानकारी के मुताबिक कॉलेज के सीनियर छात्रों ने नए छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया था। इसके लिए ऑडिटोरियम को पहले ही बुक किया गया था और छात्रों ने 20,000 रुपये की फीस जमा कर रसीद भी प्राप्त की थी। इतना ही नहीं, करीब 1000 छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था भी कर दी गई थी और खाना तैयार हो चुका था। छात्रों का कहना था कि नगर निगम से उन्हें पहले ही अनुमति मिल चुकी थी, लेकिन कार्यक्रम के दिन अचानक पुलिस ने ऑडिटोरियम के अंदर प्रवेश पर रोक लगा दी। पुलिस अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। छात्र-छात्राएं बाहर खड़े होकर अनुमति का इंतजार करते रहे, लेकिन जब उन्हें कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं मिली तो वे निराश होकर लौट गए।

### कांग्रेस पदाधिकारियों ने जताया विरोध

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और इस कार्रवाई को अत्यंत निंदनीय करार दिया। कांग्रेस नेता प्रसाद आरिफ हुसैन ने इसे पूरी तरह राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि, प्रशासन किस दबाव में काम कर रहा है यह समझ से परे है। बच्चों की फ्रेशर पार्टी को रोका जाना राजनीति के अलावा कुछ नहीं।

### छात्रों में आक्रोश, निगम ने बढ़ा दी तारीख

इस घटना से छात्रों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बुकिंग रसीद और शुल्क जमा करने के बाद भी उन्हें अंदर प्रवेश न देना न केवल गलत है, बल्कि छात्रों के साथ धोखा है। कई छात्राओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी तैयारी और मेहनत के बाद आखिरी समय पर कार्यक्रम रद्द करना बेहद निराशाजनक है। विवाद बढ़ने पर निगम के अधिकारियों ने छात्रों से चर्चा की और आश्वासन दिया कि फ्रेशर पार्टी की तारीख आगे बढ़ाकर दोबारा कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाएगी।

### अघोर आश्रम में 171 मरीजों को मिला लाभ

**रायगढ।** अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अन्तर्गत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा रायगढ़ में 14 सितंबर रविवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 171 मरीजो को नेत्र जाँच का लाभ मिला। मरीजों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरके अग्रवाल द्वारा की गई। इस शिविर में 68 मरीजो को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया वही 58 मरीजों का चश्मा बनने हेतु भेजा गया है जिसका वितरण अगले नेत्र शिविर में किया जाएगा। 68 को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया। जांच के दौरान 21 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें चिकित्सको द्वारा उचित परामर्श दिया गया। अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा रायगढ़, छत्तीसगढ़ में अगला नेत्र शिविर 12 अक्टूबर दिन.रविवार को आयोजित होगा।

खबर संक्षेप

## सात दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ

**राउरकेला।** महाराजा अग्रसेन सेवा संघ की मेजबानी में अग्रसेन भवनए राउरकेला में रविवार 14 सितंबर से सात दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह का आगाज हुआ। संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश बापोडिया की अध्यक्षता एवं जयंती समारोह संयोजक प्रवीण गर्ग के संचालन में आयोजित प्रथम दिन का कार्यक्रम भव्य और यादगार रहा। सुबह से शाम तक बच्चों से लेकर बड़ों तक की भागीदारी से विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने हेतु अग्र समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के आगामी दिनों 16, 18, 19, 20, 21 और 22 सितंबर को भी सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेए जिनमें और अधिक जोश और भागीदारी देखने को मिलेगी। अग्रसेन जयंती समारोह के प्रथम दिन के आयोजन में अग्र समाज के संगठनों से जुड़े ओमप्रकाश बापोडिया, रमेश गोपाल वासिया, अशोक बरसुआ वाले, विनोद बाल्टी वाला, पूरण मल अग्रवाल, दौलत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल बरसुँआ विकास गर्ग, सुरज बापोडिया, देवांश अग्रवाल, अनामिका मित्तल, मेघा अग्रवाल, अर्चना गड़ोदिया, प्रभा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, निधि अग्रवाल और उषा अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत 3.71 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**राजगांगपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत शनिवार को राजगांगपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 3.71 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान इस्लाम चौक निवासी मोहम्मद दिल्जान के पुत्र मोहम्मद इरफान 38 उर्फ बबलू के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इरफान स्कूटी क्रमांक ऑडी 16 एफ 1112 से गांजा परिवहन कर रहा था। गुप्त सूचना पर डीएसपी मनोरंजन प्रधान के नेतृत्व में एएसआई जे स्वाइ एवं पुलिस टीम ने माटीगेट.सुरुडिही मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा। पुलिस ने इरफान के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीएसपी प्रधान ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और इस प्रकार की सख्त कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी।

## राउरकेला महानगर निगम में अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां

**राउरकेला।** बीते महीनों में अख़बारों की सुर्खियां बने राउरकेला महानगर निगम आरएमसी ने आख़िरकार कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों के बीच नई जिम्मेदारियों का बंटवारा किया है। आदेश संख्या 10947, दिनांक 12 सितंबर के तहत जारी यह निर्देश 15 सितंबर से प्रभावी होगा। संयुक्त आयुक्त श्रीमती पल्लवी नायक को सामान्य स्थापना एएंडबी, वर्क्स, एकाउंट्स, ईपीएफ और पीएमयू का कार्यभार सौंपा गया है, जबकि उप आयुक्त विश्वरंजन मलिक को सामान्य स्थापना सीएंडडी, इश्यू एवं डिस्पैचए जन्म.मृत्यु और विवाह पंजीकरणए पेंशन, शिकायत और शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में उप आयुक्त श्रीमती अनीता नाइक को स्वच्छता, परिवहन, शॉप एवं राजस्व, एसबीएम, एसडब्ल्यूएम और पार्क सेक्शन का कार्यभार मिला है। वहीं उप आयुक्त तरुण कांत को एनयूएलएम, प्लानिंग, वृद्धावस्था पेंशन, स्टॉक एवं स्टोर, हरिश्चंद्र योजना, चुनाव एवं जनगणना, विधिक, ऑडिट और पीएमएवाई की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सहायक आयुक्त अजीत पटनायक को शॉप एवं राजस्व, प्रवर्तन, पशु प्रबंधन, एबीसी, आउटसोर्सिंग एजेंसी, आहार, आरटीआई और आपातकालीन प्रबंधन का कार्यभार सौंपा गया है। सभी अधिकारियों को अपने.अपने विभागों की साप्ताहिक समीक्षा करने तथा लॉगबुक और फाइल मूवमेंट रजिस्टर का सत्यापन कर प्रत्येक 15 दिन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नर्स सहित दंपती गिरफ्तार, बच्ची सकुशल बरामद

# पत्थलगांव अस्पताल से नवजात बच्ची का अवैध गोद कांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिले के पत्थलगांव अस्पताल से एक नर्स द्वारा नवजात बच्ची को माता-पिता से इलाज के बहाने ले जाकर फर्जी तरीके से कोरबा निवासी एक दंपत्ति को सौंप देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपिया नर्स और दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्ची को सकुशल बरामद कर चाइल्ड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रखा गया है।

### ऐसे हुई मामले की शुरुआत

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के कोडेकेला घरजियाबथान निवासी सुखदेव नाग, 45 वर्ष ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है और वर्तमान में वह दूसरी पत्नी दिलासो बाई के साथ रह रहा है। दिलासो बाई ने 28 अगस्त 2025 को शासकीय अस्पताल पत्थलगांव में एक बच्ची को जन्म दिया। 30 अगस्त को जब अस्पताल से छुट्टी दी गई तब ड्यूटी पर तैनात नर्स अनुपमा टोप्पो 33 वर्ष निवासी गिरांग, थाना सिटी कोतवाली जशपुर, बच्ची को टीका लगाने के बहाने ले गई और माता-पिता को बताया कि बच्ची की हालत गंभीर है तथा बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजना होगा।



पुलिस गिरफ्त में नर्स के साथ बच्चा गोद लेने वाले दंपति।

**फौरन दर्ज हुआ अपराधः** मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पत्थलगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 80 और 81 के तहत केस कायम किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश और एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश जायसवाल के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया, गवाहों से पूछताछ की और आरोपी दंपति से गोद लेने के वैध दस्तावेज मांगे। लेकिन उनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे।

**बच्ची सकुशल बरामदः** पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर, बच्ची को सकुशल बरामद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव अस्पताल से नर्स ने माता-पिता को धोखे में रखकर नवजात बच्ची को कोरबा निवासी दंपति को सौंप दिया था। मामले की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं बच्ची को बरामद कर सुरक्षित केंद्र में रखा गया है।

### तीनों आरोपी गिरफ्तार

जांच में सबूत मिलने पर पुलिस ने नर्स अनुपमा टोप्पो, दंपत्ति निशिकांत मिंज और सुमन वानी मिंज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर चाइल्ड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सुरक्षित रखवाया गया है।

### पुलिस की सक्रिय भूमिका

इस कार्रवाई में एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उपनिरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव और आरक्षक तुलसी रात्रे की अहम भूमिका रही।

### अवैध गोद लेने वाले दंपत्ति थे मौजूद, नर्स का दिया साथ

इसी दौरान अस्पताल में मौजूद कोरबा निवासी दंपत्ति निशिकांत मिंज 43 वर्ष और उनकी पत्नी सुमन वानी मिंज 43 वर्ष ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि वे बच्ची का इलाज कराएंगे और ठीक होने पर लौटा देंगे। इसी बहाने नर्स ने प्रार्थी और उसकी पत्नी से कागजों में दस्तखत भी करा लिए।

### बच्ची के वापस न मिलने पर पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

दिन बीतते गए लेकिन बच्ची वापस नहीं लौटी। जब पिता सुखदेव नाग ने नर्स अनुपमा टोप्पो से बार-बार बच्ची के बारे में पूछा तो वह टालमटोल करने लगी। बाद में गांव के एक व्यक्ति से जानकारी मिली कि बच्ची को निशिकांत और सुमन वानी मिंज को गोद दे दिया गया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सुखदेव नाग तत्काल कोरबा नहीं जा सका और उसने पत्थलगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### आरोपी चाहे जो भी बख्शे नही जाएंगे : गोमती

इस पूरे मामले में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने बयान देते हुए कहा कि यह पूरे अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही है।हॉस्पिटल के अंदर



स्टाफ क्या कर रहा है। इस पर प्रबंधन की पैनी नजर होनी चाहिए लेकिन इतनी बड़ी चूक हो जाना अस्पताल प्रबंधन पर बड़ी लापरवाही दर्शाता है,जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है और समय समय पर विभागों का निरीक्षण कर उनके कार्यो की जानकारी के साथ विभागीय ढांचे को टाइट करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सभी को ये पता होना चाहिए कि ऐसे मामलों में अपराधी चाहे जो भी हो बिल्कुल बक्शे नही जाएंगे।



# एचएम मनीषा ने बच्चों को दिया न्योता भोज

**रायगढ़।** राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित और शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ की प्रधानपाठक डॉ. मनीषा त्रिपाठी ने अपने जन्मदिन को अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और शालेय परिवार के साथ न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर रसगुल्ला, पुलाव, पूरी-छोले और खीर का स्वाद सभी ने मिलकर लिया। डॉ. मनीषा बचपन से ही जन्मदिन आशा निकेतन, वृद्धाश्रम और चक्रधर बाल सदन में जरूरतमंदों को मिठाई, फल व बिस्किट बाँटकर मनाती आ रही हैं। साथ ही, वे हर साल एक निर्धन विद्यार्थी की फीस और शैक्षणिक सामग्री का खर्च स्वयं वहन करती हैं। यह कार्य वे लगातार 15 वर्षों से कर रही हैं।

# सोनाखान में कांग्रेस की बैठक संगठन को मजबूत करने पर जोर

**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार की अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे की उपस्थिति में सोनाखान ब्लॉक मुख्यालय में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की जिम्मेदारी प्रभारी पद्मा घनश्याम मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़ ने संभाली।

बैठक में सोनाखान ब्लॉक के प्रत्येक सेक्टर व मंडल से कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए छह आवेदकों युधिष्ठिर नायक, गजेंद्र पटेल, दीपक बंदे, नल पटेल, डिगेश यादव और अमरध्वज यादव के नाम सामने आए। प्रभारी पद्मा घनश्याम मनहर ने सभी से एकमत होकर एक नाम सुझाने का आग्रह किया, किंतु



सहमति न बन पाने के कारण सभी नामों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक भेजने का निर्णय लिया गया।

प्रभारी मनहर ने अपने संबोधन में कहा कि जो भी नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वीकृत होगा, सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुलकर उसके नेतृत्व में संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक का संचालन युधिष्ठिर नायक, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने किया। इस अवसर पर मोती साहू, राज महंत पी.के. धृतलहरे, इतवारी साहू, तुलेश्वर वर्मा, रवि बंजारे सहित अनेक मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता और सैकड़ों आमजन उपस्थित रहे।

# लुटेरों ने बंधक बनाकर बैटरी व डीजल लूटा

**राउरकेला।** कलुंगा.बनई रोड पर गुरुंडिया थाने से लगभग आठ किलोमीटर पहले नुनीयापाली ग्राम चौक के पास स्थित बीएमपी एंड संस कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड के साइट पर बीती रात लूट की बड़ी घटना हुई।



सूत्रों के अनुसारए देर रात कुछ अज्ञात लुटेरे साइट पर पहुचे और वहा मौजूद आठ कर्मचारियों को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया। लुटेरे कंपनी के दो हाईवा ऑडी 14 के 2022 व ऑडी 14 एफ 3962 और एक डंपर से पाँच बैटरी तथा लगभग 120 लीटर से अधिक डीजल लेकर फरार हो गए। घटना इतनी शातिराना ढंग से की गई कि कर्मचारी कुछ कर ही नहीं पाए। अचानक हुई इस वारदात से साइट के कर्मचारियों में भय का माहौल व्याप्त है। कंपनी की ओर से सुमित पिल्लै ने गुरुँडिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और रात्रि सुरक्षा कड़ी करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएँ दोहराई न जा सकें।

# राज्यस्तरीय जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

**राउरकेला।** पानपोष स्थित बीजू पटनायक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ओडिशा बैडमिंटन संघ (ओएसबी) के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

■ श्रावणी नायक बोलीं, खेलों के प्रति बढ़ता रुझान शुभ संकेत

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं राउरकेला की अतिरिक्त आरक्षी अधीक्षक श्रावणी नायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में बैडमिंटन जैसे खेलों की ओर बढ़ता झुकाव समाज के लिए शुभ संकेत है और इससे भविष्य में नए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरेंगे। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 80 बालक और बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सिंगल्स, डबल्स और मिक्स डबल्स मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। 12 से 14 सितंबर तक चले इस आयोजन को ओएसबी के मान्यता प्राप्त तकनीकी अधिकारियों ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के शानदार खेल से दर्शकों में भी उत्साह का माहौल रहा।



### ऐसा रहा रिजल्ट

बालक सिंगल्स : मयंक भारद्वाज (बालेश्वर) विजेता, सौम्यजीत साहू (खोरधा) उपविजेता। बालिका सिंगल्स : गीता श्री दे (सुंदरगढ़) विजेता, जेसिका साहू (भद्रक) उपविजेता। मिक्स डबल्स : आयुष त्रिपाठी (कोरापुट) व अस्विका मिश्रा (संबलपुर) विजेता, जयकृष्ण गड़िया (संबलपुर) व आद्या पाढ़ी (खोरधा) उपविजेता। बालक डबल्स : दिव्यम केजरीवाल व जॉयेस अग्रवाल (बलांगीर) विजेता, श्रीयांश जेना (मयूरभंज) व शुभकेतन मलिक (ढेंकानाल) उपविजेता। बालिका डबल्स : स्वीटी प्रिया प्रधान (रायगढ़ा) व आद्या पाढ़ी (खोरधा) विजेता, जेसिका साहू (भद्रक) व सोफिया पाढ़ी (गंजाम) उपविजेता।

## स्मार्टसिटी में नियमों की अनदेखी पर सवाल

**राउरकेला।** विभागीय संवेदनहीनता और लापरवाही के कारण राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड ;ओडिशाद्ध में मुख्य वित्तीय अधिकारी सीएफओ पद पर यूपीसी पात्रो अब भी कार्यरत हैंए जबकि उनकी आयु 68 वर्ष से अधिक हो चुकी है। यह स्थिति सीधे.सीधे सरकारी नियमों का उल्लंघन है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष नई अधिसूचना जारी कर 65 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा तय की थी और इससे आगे किसी भी सरकारी नौकरी पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूदए पात्रो न केवल भारी भरकम वेतन ले रहे हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण फाइलों को स्वीकृत भी कर रहे हैं। शिकायत संख्या 2025/0014518 दिनांक 2 सितंबर को इस मामले को पोर्टल पर दर्ज किया गया हैए जिसमें पात्रो को तत्काल बर्खास्त करने, उनके द्वारा स्वीकृत फाइलों की जांच कराने और अनियमित भुगतान की वसूली उनके पेंशन व अन्य जमा राशियों से करने की अनुशंसा की गई है। मामला वर्तमान में हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मंत्रालय के स्मार्ट सिटी डिवीजन निर्माण भवन में लंबित है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संबंधित डिप्टी सेक्रेटरी जेके मेहेंदे फोन रिसीव तक नहीं कर रहे हैं। ऐसे में जिस अधिकारी को विभाग से बाहर होना चाहिए, वह अंदर बैठकर संवेदनशील फाइलों का निपटारा कर रहा है।

# तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में 496 मुकदमों का निबटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

तालुक लीगल सर्विस की ओर से उदित नगर बिरजापाली कोर्ट परिसर में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 496 मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान अध्यक्षता न्यायाधीश मुक्तिरंजन शतपथी ने की। अदालत में मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, दीवानीए वैवाहिक व अन्य मामलों की सुनवाई की गई।

■ 14 करोड़ 16 लाख 96 हजार की राशि वसूली

अदालत ने कुल 14 करोड़ 16 लाख 96 हजार 344 रुपए की वसूली के आदेश दिए। इनमें 46 मोटर दुर्घटना मामलों में विभिन्न बीमा कंपनियों को 3 करोड़ 13 लाख 976 रुपये देने के निर्देश दिए गए। 27 चेक बाउंस मामलों में विभिन्न कंपनियों को 2 करोड़ 10 लाख 38 हजार 717 रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया गया। इसके अलावा 2 दीवानी मामलों में 51 हजार रुपयेए 15 वैवाहिक एवं 308 अन्य मामलों का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधी एमआर शतपथीए द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रक्षिका ज्योतिषी, पारिवारिक न्यायाधीश लिली सेनापति, वरिष्ठ न्यायाधीश मोनालिसा पटनायक, अभिजीत कुमार पुरोहित, एसडीजेएम पानपोष प्रवीण मंडल, जेमएफसी



प्रदोष दास, अमित कुमार बेहेरा, शमिष्ठा पाढ़ी, अतिरिक्त सिविल जज पी पटनायक सहित कई न्यायाधीशों ने मामलों की सुनवाई की। वरिष्ठ अधिवक्ता गिरिशचंद्र महापात्र बीएन पड़ीहारी, दंडपाणि चौधरी, अमूल्य महापात्र, निर्मल स्माईं, मनोज पटनायक व मुनात बारिक ने सक्रिय सहयोग किया।

# कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय वोट अधिकार यात्रा 16 सितंबर दिन मंगलवार को होगी। इसमें पार्टी के महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल होंगे। स्टेशन चौक सहित यात्रा गुजरने वाले मार्ग कांग्रेस के बैनर, झंडे से अटे पड़े हैं।

■ महासचिव सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित पार्टी के सभी बड़े नेता होंगे शामिल

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ लगभग 17 दिनों तक वोट अधिकार यात्रा की है। 9 सितंबर को बिलासपुर में वोट अधिकार यात्रा अब वोट चोरी की गूंज छत्तीसगढ़ में भी सुनाई देने लगी है। इसी कड़ी में 16 सितंबर को रायगढ़ में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय वोट अधिकार यात्रा निकलेगी। इसी कार्यक्रम में भाजपा और चुनाव आयोग के वोट चोरी को लेकर प्रदेश स्तरीय हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी होगी। इस यात्रा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेता रायगढ़ आएंगे। रायगढ़ व सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के कांग्रेस विधायक भी शामिल होंगे। सोमवार को आयोजित होने वाली वोट अधिकार यात्रा को सफल बनाने कांग्रेस नेता जी-जान से जुटे हैं। जिसके तहत जिस मार्ग से यात्रा गुजरने वाली है, वहां कांग्रेस के बैनर, झंडे लगाए जा रहे हैं। पूरा शहर कांग्रेस के बैनर-झंडों से पाट दिया गया है।

### इन मार्गों से गुजरेगी वोट अधिकार यात्रा

कांग्रेस का वोट अधिकार यात्रा 16 सितंबर को दोपहर 3 बजे रायगढ़ के सत्ती गुड़ी चौक से शुरू होकर घड़ी चौक, हंडी चौक, गद्दी चौक, सुभाष चौक, एसपी ऑफिस के सामने से होकर स्टेशन चौक में सम्पन्न होगी। यात्रा के समापन के बाद कांग्रेस के नेता आम सभा को भी संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस रायगढ़ के ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी और अनिल शुक्ला ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष प्रस्तावित मंडल और सेक्टर कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों तथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से प्रदेश स्तरीय वोट अधिकार यात्रा 'वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## वन अमले की लापरवाही, घायल चीतल को छोड़ दिया जंगल में

**जशपुरनगर।** वन मंडल में वन्य प्राणियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। पिछले दिनों एक घायल चीतल को भागकर समीप स्थित ग्रामीण के घर में शरण लेनी पड़ी। जशपुर वन मंडल के वरिष्ठ अधिकारी के अवकाश पर होने के साथ बगीचा वन परिक्षेत्र में भी अधिकारी नहीं है। वन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण पूरा अमला आराम फरमा रहा है। जंगलों में सतत देखरेख नहीं होने से जंगल के वन्य प्राणियों को शिकारियों से बचने की खातिर इधर उधर भटकते देखा जा रहा है। बगीचा वन परिक्षेत्र के ग्राम कुटमा में शिकारियों के चंगुल से बचने के बाद एक घायल चीतल भागता हुआ एक ग्रामीण के घर जा पहुंचा। इस घायल चीतल की दयनीय स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने इसकी तत्काल वन विभाग विभाग को सूचना दी, जिसके बाद उसे जंगल मे छोड़ दिया गया है। दरअसल, जशपुर वन मंडल में पदस्थ डीएफओ शशि कुमार अवकाश पर हैं, उनका प्रभार सरगुजा के बलरामपुर डीएफओ आलोक बाजपेयी को दिया गया है। बताया जा रहा है कि बगीचा वन परिक्षेत्र में भी वन अधिकारी नहीं हैं। इस वजह यहां वन विभाग के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यहां का कुटमा गांव के समीप जंगल से घायल चीतल सुबह सुबह ही आश्रित ग्राम बैगाकोना में भटकते हुए देखा गया था।

# ओआईएसएल के प्रदूषण पर ओएसपीसीबी की चुप्पी

**राउरकेला।** राजगांगपुर के पदजमपाली में स्थित ओ आई एस एल स्पंज आयरन संयंत्र के द्वारा फैलते प्रदूषण से लोग नाराज हैं व लगातार प्रशासनिक लंबित शिकायतों के बावजूद भी विभागीय कार्रवाई न होने पर मामला और गंभीर हो रहा है एंव माहौल बिगड़ रहा है स आसपास के अंचल में लोगों को विभिन्न बीमारियों से जूझना पड़ रहा हैए अस्वस्थता की शिकायत मिल रही है व अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किंतु उड़ीसा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के द्वारा कार्रवाई न होना व विभागीय चुप्पी से लोग नाराज हैं। वही किसी बड़े आंदोलन की सुगबुगाहट से कतई इनकार नहीं किया जा सकता स फसलों में बीमारी, दूषित जल व दूषित वातावरण के कारण लगातार लोगों का जीना दुर्भर हो रहा है। ऊपर से आयरन और डस्ट व कॉल्स फाईनस के दिन रात उड़ते बादलों ने जीना दुश्वार कर रखा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी बिगड़ चुका है वहीं इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता पर ध्यान दिए जाने पर जोर दिया जाना चाहिए।





# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# कृति

## उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा। कृति सेनन जल्द ही फिल्म 'तेरे इश्क में' (Tere Ishq Mein) नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल. राय ने किया है। इस फिल्म में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



हॉलीवुड मसाला



# न्यूयॉर्क फैशन वीक... में लिया हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनका देसी अंदाज, जिसे वो न्यूयॉर्क फैशन वीक में नहीं भूलीं। उन्होंने सभी को 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। ये वीडियो खूब वायलर हो रहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनके साथ निक जोनस भी थे। प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने ना सिर्फ न्यूयॉर्क फैशन वीक इवेंट में हिस्सा लिया, बल्कि कपल गोल्स भी सेट किए। दोनों इवेंट में हर तरफ छा गए। प्रियंका ने यहां भी अपना 'देसीपन' नहीं छोड़ा।




# मनी हाइस्ट से पॉपुलर हुआ बेला चाओ सॉन्ग

**लॉस एंजिल्स।** चार्ली किर्क की हत्या के मामले में अन्य गोली भी मिली, जो इस्तेमाल नहीं हुई, इस पर ही सॉन्ग 'बेला चाओ' लिखा था, यह इटेलियन सॉन्ग विरोध करने के लिए इस्तेमाल होता है। दमन करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई वर्षों से इस गाने का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताते चलें कि 'बेला चाओ' 19वीं सदी का पॉपुलर इटेलियन सॉन्ग है। साल 2017 में सीरीज 'मनी हाइस्ट' में भी इस गाने को इस्तेमाल किया गया है। एक बैंक से रुपए चोरी करने की कहानी इसमें दिखाई गई थी। लेकिन, इस पैसे का इस्तेमाल चोर, अच्छे कामों के लिए करते हैं। मनी हाइस्ट के अलावा गाना बेला चाओ एक वीडियो गेम फर्स्ट पर्सन शूटर गेम फॉर क्राई 6' में भी सुनने को मिला था। 19वीं सदी में इटली में मजूदरों ने यह गीत सत्ता के विरोध में गाया था।



# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, ' फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया। इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं।'



# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो'में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

## अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे। किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई।



अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है। जहां अमाल मलिक को अभिषेक बजाज सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुनिका का बचाव करने के लिए शहबाज बदेशा आगे आ गए। शहबाज ने कहा कि दिन में तुम हलवा मांगते हो उनसे खाने को और अब ऐसी बातें।

# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश

**मुंबई।** 19 सिंतबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।

***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।

***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।


***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।

***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।




# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चकुी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*



## कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर फिल्मों का शुरू किया नया दौर

# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*नई दिल्ली। राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

## ट्रैफिक सिग्नल बेअसर, नियम तोड़ना आम, सुरक्षा खतरे में

# शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल दिखावे तक सीमित ट्रैफिक सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की यातायात व्यवस्था दिनोंदिन बदहाल होती जा रही है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं, लेकिन ये अब केवल दिखावे तक सीमित रह गए हैं। लोग खुलेआम रेड लाइट तोड़ते हैं और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होती। नतीजा यह है कि शहर की सड़कों पर चलना नागरिकों के लिए अब सुरक्षित नहीं रहा।

रायगढ़ के ज्यादातर सिग्नलों पर ट्रैफिक पुलिस नजर नहीं आती। केवल जमुना इन चौक और कुछ गिने-चुने मुख्य चौकों पर ही पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। मगर यहां भी वाहन चालक नियमों की परवाह नहीं करते। पुलिस की अनुपस्थिति में वाहन चालक बेखौफ होकर ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं। इस वजह से न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि रोजमर्रा की यात्रा भी जोखिमपूर्ण हो गई है।




### सिग्नल तोड़ने से घबराते नहीं

शहर के लोग, चाहे दोपहिया वाहन चालक हों या चारपहिया वाहन चालक, ट्रैफिक सिग्नल को गंभीरता से नहीं लेते। रेड लाइट जलने पर भी वाहन चालक बिना रुके आगे निकल जाते हैं। यदि ट्रैफिक पुलिस समय पर मौजूद होती, तो नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई संभव होती। मगर रायगढ़ में ज्यादातर सिग्नलों पर पुलिस तैनात नहीं है। शहर की यह स्थिति दर्शाती है कि रायगढ़ में यातायात नियंत्रण के लिए ठोस व्यवस्था की बेहद आवश्यकता है। प्रशासन की ओर से तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत है, नहीं तो दुर्घटनाओं और शहरवासियों की सुरक्षा पर खतरा लगातार बढ़ता रहेगा।

### कबीर चौक और बाईपास: सबसे खतरनाक क्षेत्र

कबीर चौक और बाईपास इलाकों की स्थिति सबसे खराब मानी जा रही है। ये क्षेत्र शहर के मुख्य प्रवेश मार्ग से जुड़े होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से हमेशा व्यस्त रहते हैं। यहां ट्रैफिक सिग्नल या तो बंद रहते हैं या उनका पालन बिल्कुल नहीं होता। ट्रकों और बड़े वाहनों की लंबी कतारें जाम की स्थिति पैदा करती हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की परेशानी और भी बढ़ जाती है।

### सीसीटीवी की कमी से नियम तोड़ने वाले बेखौफ

बड़े शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं, जिनसे नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जाती है। लेकिन रायगढ़ में यह सुविधा पूरी तरह नदारद है। इसका सीधा फायदा लापरवाह चालकों को मिल रहा है। वे न केवल सिग्नल तोड़ते हैं बल्कि तेज रफ्तार में वाहन चलाकर दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं।



## आदि कर्मयोगी अभियान से तडोला में सोशल पुलिसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के 5 ग्राम तडोला, अमलीभोना, जिलाड़ी, सिलाड़ी और कंवरिहा को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में अधिकांश आबादी अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, जिनके जीवन स्तर और सामुदायिक विकास को सुधारने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम तडोला में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव और उनकी टीम ने सोशल पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसे चलित थाना के बैनर तले संपन्न किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए अपना मोबाइल नंबर साझा किया और कहा अपराध रोकथाम और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। ग्राम में शांति और समरसता तभी बनी रहेगी जब आप सभी सामुदायिक भागीदारी के साथ सहयोग करेंगे। टीआई यादव ने ग्रामीणों को अपराध के प्रकार, उसके कारण और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका तभी प्रभावी हो सकती है जब समाज उसके साथ खड़ा हो। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच लक्ष्मी नायक सहित अन्य पदाधिकारी, महिला-पुरुष और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे अपराध मुक्त, शांतिपूर्ण और समरस ग्राम बनाने में पूरा सहयोग देंगे।

## खबर संक्षेप

### सरसीवा में जब्त 600 बोरी यूरिया की बिक्री 16 से

**सरसीवा।** सारंगढ़ जिला स्तरीय टीम ने 20 दिन पहले मेसर्स तेजस्वनी ट्रेडर्स, कोदवा सरसीवा को अधिक दर पर खाद विक्रय करते पाया था और 600 बोरी यूरिया को जब्त किया था। अब इन 600 बोरी यूरिया की बिक्री 16 सितंबर से प्राथमिक कृषि साख समिति सरसीवा में शुरू होगी। किसानों को सूचना दी गई है कि वे नगद राशि के साथ सुबह 11 बजे से यूरिया खरीद सकते हैं। प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ भूमि के हिसाब से 2 बोरी, अधिकतम 10 बोरी तक दी जाएगी। इस बिक्री में अग्रणी कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह कार्यवाही कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश और उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नियमानुसार की जा रही है।

### साप्ताहिक बाजार में महिला के झोले से नकदी की चोरी

**राउरकेला।** साप्ताहिक बाजार में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और महिलाएं इनके आसान शिकार बन रही हैं। शनिवार को मालीडीह गांव से खरीदारी करने आई एक गरीब महिला के साथ दिल दहला देने वाली घटना हुई। महिला अपने छोटे बच्चे को पीठ से बांधकर सामान खरीद रही थी, तभी उचक्कों ने उसके झोले से 1700 रुपए नगद और बच्चे की दवा उड़ा ली। अचानक हुई इस वारदात से महिला फूट-फूट कर रोने लगी, जबकि चोर मौके से फरार हो चुके थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में नशेड़ियों के गिरोह खुलेआम गांजा, टर्की और देशी शराब पीकर घूमते रहते हैं। यही गिरोह लोगों के मोबाइल और पैसे पर नजर रखते हैं। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाया है। आरोप है कि पुलिस को समस्या की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, जिससे बाजार नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। हालांकि पीड़ित महिला की निशानदेही पर पुलिस ने एक संदिग्ध चोर को पकड़कर थाने लाया है।

### आरएसपी विस्तार पर बैठक रही बेनतीजा

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र के 30 हजार करोड़ रुपए के प्रस्तावित विस्तार परियोजना को लेकर शुक्रवार रात राउरकेला हाउस में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुंदरगढ़ जिलापाल डॉ. शुभंकर महापात्र, डीआईजी बृजेश राय, एसपी नितीश वाधवानी, एडीएम दीना दस्तगीर, आरएसपी और भाजपा पदाधिकारी समेत आठ विस्थापित प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विस्थापितों ने साफ शब्दों में आरएसपी द्वारा प्रस्तावित राहत पैकेज को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने अप्रैल में भूमि अधिग्रहण

## पुसौर थाना क्षेत्र के 120 गांवों के कोटवार सम्मानित



**पुसौर।** ग्रामीण समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करने वाले झाखर कोटवारों को पुसौर थाना प्रबंधन ने विशेष सम्मान प्रदान किया। बीते दिवस थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुसौर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव सहित संपूर्ण थाना स्टाफ ने थाना क्षेत्र के 120 गांवों में सेवा दे रहे कोटवारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान कोटवारों ने अपने-अपने गांव की स्थिति, समस्याओं और आवश्यक जानकारियाँ थाना स्टाफ के साथ साझा कीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उन्हें परिवार का हिस्सा मानते हुए आत्मीयता के साथ संवाद किया। जानकारी के अनुसार, झाखर कोटवार परंपरागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राम सेवक की भूमिका निभाते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखना, पुलिस और जनता के बीच संवाद स्थापित करना तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग करना इनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने कहा कि कोटवार समाज और प्रशासन के बीच वह कड़ी हैं, जिनके बिना ग्राम स्तर पर व्यवस्था बनाए रखना कठिन है। उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में तेतला के कोटवार रंजित महंत, ठेंगापाली के बाबाजी, केनसरा के रथुराम निशाद और लोहरसिंह के इंदरदास विशेष रूप से सम्मानित किए गए। इस पहल से कोटवारों का मनोबल बढ़ा है और वे अपने कार्यों को और भी जिम्मेदारी और निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

## चलित थाना में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा प्रभावित 9 गांवों सहित आसपास के ग्रामों को संवेदनशील मानते हुए पुसौर थाना प्रबंधन द्वारा लोहाखान पंचायत भवन प्रांगण में चलित थाना का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र में देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों का लगातार आना-जाना रहता है और ओडिशा सीमा समीप होने से अपराध की संभावनाएँ अधिक रहती हैं। बावजूद इसके, पुसौर पुलिस सोशल पुलिसिंग, चलित थाना और सघन पेट्रोलिंग की बदौलत अब तक अपराध नियंत्रण में सफल रही है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम और सोना-चांदी चमकाने वाले गिरोहों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी गंभीर जानकारी साझा न करें और जेवर सफाई के लिए केवल विश्वसनीय लोगों पर ही भरोसा करें, अन्यथा भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



## चंद्रपुर में गहराया बिजली संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

- आगामी नवरात्रि पर्व पर रहेगा अंधेरे का खतरा

नगर और आसपास के ग्रामीण अंचल में बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। लगातार घंटों की अनियमित कटौती और जूनियर इंजीनियर (जेई) राजेंद्र सिंदार की मनमानी ने स्थिति और गंभीर बना दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिदार की पदस्थापना के बाद से ही बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बिना आंधी, तूफान या बारिश के भी रोज घंटों बिजली काटी जा रही है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर जेई राजेंद्र सिंदार की मनमानी पर रोक लगाने और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। फिलहाल विभाग की ओर से इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



### मरम्मत और शिकायतें ठप

ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन की मरम्मत समय पर नहीं होती, ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े रहते हैं और शिकायत करने पर सुनवाई तक नहीं होती। विभाग पूरी तरह जेई की मर्जी से चल रहा है।

विद्युत कटौती से गाँव में पानी की समस्या गहराती जा रही है और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

**लक्की सिन्दूर, पार्षद वार्ड 05**

लाइट गोल होने से मजदूर बिना काम के बैठे रहते हैं, व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है।

**पिंटू यादव, पार्षद वार्ड 12**

दिन-रात बिजली गोल रहने से चंद्रपुर की धार्मिक छवि खराब हो रही है, श्रद्धालु परेशान हैं।

**रौनक अग्रवाल, व्यापारी**

विद्युत विभाग की उदासीनता ने नगर की प्रतिष्ठा पर विपरीत असर डाला है।

**दिनेश पप्पू श्रीवास, सामाजिक कार्यकर्ता**

### दर्जनों गांव प्रभावित

हीरापुर, गोपालपुर, काशीडीह, हरदी, मिरोनी, कलमा, बालपुर, चंदली, बिलाईगढ़, पलसदा, बिरहभंटा, मड़वा, अमलडीहा और लेटेसरा समेत कई गांवों के लोग रोज बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई रुक रही है, व्यापारी आर्थिक तंगी झेल रहे हैं और किसानों की सिंचाई बाधित हो रही है।

### नवरात्रि में बिजली संकट से होगी परेशानी

बिजली कटौती का असर धार्मिक आयोजनों पर भी पड़ सकता है। नवरात्रि पर्व के दौरान शक्तिपीठों में अंधेरे की वजह से सुरक्षा संकट खड़ा हो सकता है। रात्रिकालीन दर्शन, हवन, यज्ञ और भजन-कीर्तन बाधित होने की संभावना है। श्रद्धालुओं ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया।

## गो-तस्करी का भंडाफोड़ 231 गौवंश सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शनिवार को लहूनीपाड़ा पुलिस और गौ रक्षकों की सतर्कता से अब तक की सबसे बड़ी गो-तस्करी का पर्दाफाश हुआ। अनुमंडल के गमलई हाट से कसाईखाने के लिए ले जाए जा रहे 231 गौवंश को पुलिस ने कब्जे में लेकर सुरक्षित गौशाला पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, बजरंग दल ने राउरकेला एसपी से गो-तस्करी रोकने की अपील की थी। इसी आधार पर पुलिस ने गौ रक्षकों से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। हालांकि मुख्य तस्कर मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन गौवंश पहुंचाने में शामिल कुछ स्थानीय मजदूरों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद फरार तस्करों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में गो-तस्करी और गो-वध पर प्रतिबंध होने के बावजूद पहले अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही थी।

## बरमकेला में अंगीकार 2025 अभियान शुरू

**बरमकेला।** नगर पंचायत बरमकेला में शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना "अंगीकार 2025" का व्यापक प्रचार-प्रसार जारी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। अभियान के तहत पीएमएवाई-यू 2.0, पीएम स्वच्छ ऊर्जा बिजली योजना, ब्याज सब्सिडी योजना, क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी फंड ट्रस्ट, लोन मेले और नव निर्मित पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम सहित कई गतिविधियाँ चल रही हैं। कमजोर और अनुसूचित वर्ग के हितग्राहियों को विशेष ध्यान देते हुए योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय बरमकेला में संपर्क करें ताकि उन्हें आवास और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। शासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार को शहरी क्षेत्र में पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित हो।










TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

